हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 12 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री


11 शीतला माता मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़


11 दो माह में 6293 वाहनों के चालान 1.15 करोड़...

**शहर में आज**
- नगर निगम की सफाई व्यवस्थाओं को लेकर बैठक सुबह 11 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे

**कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से बैंक्वेट हॉल संचालक परेशान**

# बारातें आ रहीं पर गैस नहीं, फिर मजबूरी में कोयले पर चढ़ाने पड़े दावत के देग

## गैस की किल्लत बढ़ने से इंडक्शन की मांग भी दोगुना

## कोयला 36 और लकड़ी का गुटका 10 रुपये प्रति किलो के पार पहुंचा

## गैस की कमी से लोग पुराने और नए दोनों विकल्प अपना रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत से शादियों पर भी असर पड़ रहा है। बैंक्वेट हॉल संचालक गैस न मिलने के कारण परेशान हैं। शादियों में दावत का खाना कोयले और लकडी के गुटको पर पकाया जा रहा है। इसके लिए आम आदमी को बैंक्वेट हॉल बुक करवाने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण पिछले कई दिनों से गैस की कमी देखने को मिल रही है। रोहतक में कई दिन से कमर्शिलय गैस सिलेंडर मिलना बंद हो चुका है लेकिन घरेलू गैस 25 दिन के अंतराल पर मुहैया करवाई जा रही है। बैंक्वेट हॉल संचालकों का कहना है कि सिलेंडर पर ब्लैक हो रहा है और उन्हें नहीं मिल रहा है। ऐसे में कोयले, गुटके का प्रयोग बढ़ाया जा रहा है।

### कोयले का ज्यादा किया जा रहा प्रयोग

शहर में इस समय कोयला करीब 36 रुपये किलो मिल रहा है। कुछ दिनों से इसकी खपत बढ़ रही है। गैस न मिलने के कारण बैंक्वेट हॉल संचालकों ने ज्यादा कोयला खरीदा हुआ है। इसके अलावा लकड़ी का गुटका 8 से दस रुपये किलो के हिसाब से बिक रहा है। इसकी भी डिमांड बढ़ी हुई है। संचालकों का कहना है गैंस सिलेंडर मिलना बंद होने से दिक्कत बढ़ रही है।


रोहतक। गैस के लिए लाइन में लगी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### तीन हजार में मिल रहा इंडक्शन चूल्हा

गैस की किल्लत की जानकारी मिलने के बाद लोग अब इंडक्शन चूल्हे भी खरीद रहे हैं। नामी कंपनियों के चूल्हे दो से तीन हजार रुपये में मिल रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर साल इंडक्शन चूल्हे बिकते हैं लेकिन अब लोग ज्यादा खरीद रहे हैं।

### शादी के सीजन में बढ़ी दिक्कत

अभी शादी के लिए सीजन चल रहा है। बंक्वेट हॉल बुक किए गए हैं। लेकिन कमर्शियल गैस नहीं मिल रही है। ऐसे में परेशानी सामने आने लगी है। गैस नहीं मिलने पर कोयले का प्रयोग बढ़ाया गया है। इसके अलावा लड़की के गुटके और इंडेक्शन का प्रयोग हो रहा है।
-हरीश दुआ, बैंक्वेट हॉल संचालक

## शादियों में खाने का खर्च दोगुना तक बढ़ा

**रोहतक।** हिंदू पंचांग के अनुसार मार्च 2026 का महीना विवाह के लिए शुभ माना जा रहा है। इस महीने कुल आठ ऐसी तिथियां हैं जिन्हें वैवाहिक संस्कार के लिए अनुकूल माना गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इन दिनों ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति मंगलकारी है, जिससे विवाह के बाद दांपत्य जीवन में प्रेम, सामंजस्य और स्थिरता की संभावनाएं बढ़ती हैं। हिंदू संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि एक पवित्र और धार्मिक संस्कार माना जाता है। इसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश सहित देवी-देवताओं के आशीर्वाद से जीवन की नई शुरुआत के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि शादी जैसे मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। ऐसे समय में गैस की किल्लत होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे शादी का खर्च बढ़ गया है। लोगों की जेबें ज्यादा ढीली होंगी। बताया जा रहा है शादियों में खाने का खर्च लगभग दोगुना तक बढ़ गया है। बैंक्वेट वाले ज्यादा दाम मांग रहे हैं।

**मार्च में अभी ये मुहूर्त**
12 मार्च 2026 (बृहस्पतिवार)
13 मार्च 2026 (शुक्रवार)
14 मार्च 2026 (शनिवार)

**खबर संक्षेप**


रोहतक। आग से जला सामान।

### मकान में आग से हजारों का नुकसान

**रोहतक।** फतेहपुरी कॉलोनी में मकान में आग लगने से हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है। जगदीश पांचाल ने बताया कि उनका मकानफतेहपुरी कॉलोनी राम जोड़ी नियर 132 केवी पावर हाउस के पास है। घर में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई जिसके कारण दो कमरे जलकर राख हो गए। इससे उनको काफी नुकसान हुआ है।

### आकाश बने लेफ्टिनेंट पास आउट में स्वागत


रोहतक। आकाश कुहाड़ का चेन्नई से पास आउट होने पर भव्य स्वागत।

**रोहतक।** जिले के प्रीत विहार निवासी आकाश कुहाड़ भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। 7 मार्च को चेन्नई स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी से प्रशिक्षण पूरा कर पास आउट होने के बाद घर लौटने पर परिवार और क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आकाश के परिवार का मूल निवास गांव भाली आनंदपुर है। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने छह बार सीडीएस की परीक्षा दी और अंततः सफलता हासिल कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया।

### नपा ने स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए मांगा सहयोग

**महम।** बुधवार को महम में नगर पालिका ने वार्ड 15 में विशेष सफाई अभियान चलाया। जिसमें पार्षद सुमन शर्मा व विनोद गोयल और नगर पालिका के पूर्व प्रधान फतेह सिंह ने सफाई अभियान में भाग लिया। लोगों को महम को साफ सुथरा बनाने व स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में प्रथम स्थान पर लाने में योगदान देने की अपील की।

व्यावसायिक ग्राहकों के लिए जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था होगी, प्रतिष्ठानों के लिए भी जारी किए जाएंगे कनेक्शन

**सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने से परेशानी**

# 24 सदस्यीय टीम रोकेगी घरेलू गैस का कमर्शियल प्रयोग

- एजेंसियों से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के 367851 घरेलू उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाती है गैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराने के बाद प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। होटलों, ढाबों और छोटे उद्योगों में घरेलू गैस सिलेंडरों के बढ़ते इस्तेमाल को रोकने के लिए 24 अफसर तैनात कर दिए गए हैं। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 10 इंस्पेक्टर, 10 सब इंस्पेक्टर, 3 एएफसो और 1 जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक शामिल है। रसोई गैस को लेकर मची अफरा-तफरी के बीच खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का दावा है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी नहीं है। केवल अफवाहों का बाजार गर्म है। अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान यदि किसी होटल या ढाबे में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पाया गया तो संबंधित सिलेंडर तुरंत जब्त किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। रोहतक में इंडियन ऑयल, भारत गैस और एचपी गैस कंपनियों की 30 गैस एजेंसियां घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई करती हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के 367851 घरेलू उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाती है।

### कारोबार प्रभावित, भारी नुकसान का अंदेशा

व्यावसायिक सप्लाई प्रभावित होने पर इसका सीधा असर होटल, ढाबों और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि जल्द ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कनेक्शन देकर सिलेंडरों की सप्लाई कराई जाएगी। ताकि उनका काम प्रभावित न हो। यहां भी ध्यान रहे कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की गतिविधियां एलपीजी के अभाव में बंद होती हैं या प्रभावित होती हैं तो उसका असर भी अप्रत्यक्ष रूप से लोगों पर ही पड़ता है। अस्पतालों, स्कूलों में मिड डे मिल बनाने के लिए समेत दूसरी इमरजेंसी सेवाओं प्रभावित हो रही हैं।

### होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट व अन्य दुकानों की होगी जांच

अभी तक व्यावसायिक सिलेंडरों को कोई भी व्यक्ति बिना किसी दस्तावेज के खरीद सकता था। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की सप्लाई बंद कर दी गई है। इसके चलते होटल, ढाबे और कई छोटे उद्योग घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का इस्तेमाल करने लगे हैं। इससे घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी गैस की उपलब्धता प्रभावित होने लगी है और कालाबाजारी की आशंका बढ़ गई है। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच करेगी। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग नियमों के खिलाफ है।

### रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद

एलपीजी को लेकर बुधवार दोपहर बाद जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय में गैस एजेंसियों संचालकों की मीटिंग हुई। इसमें अधिकारियों ने बताया कि गैस एजेंसियों के पास एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है। मीटिंग में निरीक्षक हरिओम ने को निर्देश दिए कि गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जाए। बताया गया कि गैस वितरण से संबंधित कार्यों की जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी भी की जा रही है। जिला प्रशासन ने आमजन को यह भी जानकारी दी है कि गैस कंपनियों के नियमों के अनुसार कोई भी उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन पर 25 दिनों के बाद दूसरा गैस सिलेंडर बुक करवा सकता है।

# विक्रम हत्या मामले में तीन आरोपी और पकड़े

**सात पहले पकड़े जा चुके, होली के दिन बाइक हटाने पर हुआ था विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




कलानौर ब्लॉक के गांव बनियानी में फाग के दिन हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था, जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए युवक विक्रम की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते 7 आरोपियों को पहले और तीन आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अब तक कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और बाकी की तलाश जारी है। घटना के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें राहुल पुत्र बलजीत, सुधीर पुत्र बलजीत और मनन पुत्र जयबीर निवासी गांव बनियानी शामिल हैं। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है ताकि मामले में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**किसानों के लिए बनीं योजनाओं का कड़वा सच**

# ...जब एसी में बैठकर बनी किसान कल्याण योजना मॉल में कोई और, किसान फुटपाथ पर

**रोहतक।** किसानों के कल्याण के नाम पर बनाई गई कई योजनाएं जमीन पर कितना असर दिखाती हैं, इसकी एक मिसाल सेक्टर-14 स्थित एग्रो मॉल है। करीब 15 साल पहले किसानों को खेती से जुड़े उत्पादों की खरीद-फरोख्त के लिए यह मॉल बनाया गया था, लेकिन आज इसका उद्देश्य अधूरा ही रह गया है। करीब 76 करोड़ रुपये की लागत से हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा बनाए गए इस मॉल में लगभग 300 कमर्शियल दुकानें व बूथ तैयार किए गए थे, जिनमें से केवल करीब 78 का ही आवंटन हो पाया। उस समय दुकानों की कीमत इतनी अधिक रखी गई कि अधिकांश किसान या कृषि व्यवसाय से जुड़े लोग इन्हें खरीदने की स्थिति में ही नहीं थे। नतीजतन, किसानों के लिए बने इस एग्रो मॉल में आज कोचिंग सेंटर, मोबाइल शॉप और जनरल स्टोर जैसे अन्य व्यवसाय चल रहे हैं, जबकि किसान आज भी फुटपाथ और खुले बाजार में अपना सामान बेचने को मजबूर हैं। यह एसी में बैठकर बनाई गई किसान कल्याण योजना की कड़ी सच्चाई है। किसान बेचारा एग्रो मॉल के बाहर फुटपाथ पर सामना बेच रहा है।

- *76 करोड़ खर्च, पर खेती से दूर एग्रो मॉल*
- *दुकानों-बूथों में चल रहे तरह-तरह के कारोबार*
- *कीमत ज्यादा होने की वजह से किसान नहीं ले पाए दुकान*



### लक्ष्य से भटक गया एग्रो मॉल

किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक, कृषि यंत्र और तकनीकी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एग्रो मॉल बनाया गया था। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मॉल अपने मकसद से भटक गया है और यहां खेती से जुड़ी गतिविधियां बेहद सीमित हैं।

### परेशान हो रहे किसान

किसान बलबीर सिंह का कहना है कि एग्रो मॉल बनने के बाद उम्मीद थी कि खेती से जुड़ा हर सामान एक ही स्थान पर मिल जाएगा, लेकिन आज भी उन्हें बीज, खाद और कीटनाशक के लिए अलग-अलग बाजारों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। यहां कृषि से जुड़ी दुकानें बनाई जाएं।

### आसान नहीं खेती से जुड़ा कारोबार

यदि किसान किसी तरह दुकान अलॉट भी करा लेते तो यहां खेती से जुड़ा कारोबार चलाना आसान नहीं था। अधिकांश कृषि दुकानें पहले से हिसार रोड, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में हैं। किसान साल में एक-दो बार ही फसल बेचता है, इसलिए एग्रो मॉल में कारोबार की संभावना कम है।

**रेहड़ी वाले ने कहा, 10 रुपये के 4 गोलगप्पे देता हूं, युवक बोला, दूसरे तो 10 में 5 देते हैं और हो गई थी मारपीट**

**सरकार बनाम सत्यवान व अन्य**

# महज 1 गोल गप्पे के लिए 13 साल कोर्ट में लड़ाई, आखिरकार सभी आरोपी बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम कोर्ट ने बुधवार को दो फैसले सुनाए जो एक गोलगप्पे की घटना से जुड़े हुए थे। दोनों ही में सभी आरोपियों को कोर्ट ने 13 साल बाद बरी कर दिया है। इन दोनों केस में झगड़े की असली वजह मात्र एक गोलगप्पा था। करीब 13 साल पहले 21 मई 2013 की शाम को रोजाना की तरह महम निवासी सूबे सिंह ने महम के आजाद चौक पर श्री कृष्ण धर्मकांटा के सामने गोलगप्पे की रहेड़ी लगाई हुई थी। इस दौरान महम निवासी अनिल व उसके दो तीन अन्य साथी आ जाते हैं। अनिल ने अपने साथियों के संग



गोलगप्पे खाने की इच्छा जाहिर की। अनिल ने गोलगप्पे वाले सूबे सिंह से पूछा कि गोलगप्पे का क्या रेट है। सूबे सिंह ने बताया कि वह 10 रुपये के चार गोलगप्पे देता है। अनिल ने कहा कि बाकि तो 10 रुपये के 5 गोलगप्पे देते हैं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए।

### केस दर्ज करवाए

मामला थाने में जा पहुंचा। इस संबंध में अनिल, उसके पिता सत्यवान व एक अन्य युवक के खिलाफ महम थाने में केस दर्ज किया गया था। सत्यवान ने कहा कि उनके खिलाफ एक साजिश के तहत झूठा केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसकी सुनवाई नहीं की। सत्यवान ने कोर्ट में इस्तगाशा दायर किया। कोर्ट ने इस संबंध में गोलगप्पे बेचने वाले सूबे सिंह, तत्कालीन महम थाना एसएचओ कुलदीप सिंह, शहर पुलिस चौकी इंचार्ज एएसआई रामनिवास, सुभाष हवलदार, एएसआई धर्मबीर व श्री कृष्ण धर्मकांटा के संचालक कृष्ण नहरा के बेटे अजय कुमार को नोटिस जारी किए और उन्हें केस में शामिल कर लिया गया। ये आरोपी बनाए गए और इनके खिलाफ कोर्ट में केस चला।

### अदालत में दो केस चले

13 साल तक महम कोर्ट में दो केस चले। जिसमें एक केस स्टेट बनाम सत्यवान आदि और सत्यवान बनाम कुलदीप आदि । बुधवार को दोनों ही मामलों में न्यायधीश अमित श्योराण की अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। सत्यवान बनाम कुलदीप केस में कुलदीप सिंह महम थाने के तत्कालीन एसएचओ थे, जो अब गुहला में डीएसपी पद पर कार्यरत हैं। शहर चौकी इंचार्ज रहे रामनिवास और धर्मबीर एएसआई अब हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत हो चुके हैं।

### सुप्रीम कोर्ट भी जा सकता हूं : सत्यवान

बिजली विभाग से फोरमैन के पद से सेवानिवृत सत्यवान ने कहा कि यह लड़ाई गोलगप्पे की लड़ाई नहीं है। यह एक स्वाभिमान, सच्चाई, ईमानदारी और अपनी इज्जत की लड़ाई है। यह महम में पुलिस विभाग के अधिकारियों और उनके साथ मिले हुए लोगों द्वारा की रची गई साजिश का पर्दाफाश करने की लड़ाई है। जिस फैसले में पुलिस अधिकारियों को बरी किया गया है। वे इस फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। सच्चाई को साबित करने के लिए वे हाईकोर्ट में गए हुए हैं और यदि जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। दोषियों को सजा दिलाकर रहूंगा।

### 11 खाद्य पदार्थ बनाने वाले संस्थानों पर 5.95 लाख रुपये का जुर्माना

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2025-26 में अभी तक खाद्य पदार्थों के 112 सैंपल एकत्रित कर प्रयोगशाला में जांच करवाई गई। जांच के दौरान तय गुणवत्ता से कम पाये गए 32 सैंपल में से 11 संस्थानों पर न्यायालय द्वारा 5 लाख 95 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि वे नियमित अंतराल पर खाद्य पदार्थ उद्यमियों /संस्थानों से सैंपल लेकर जांच करवाये। डीसी बुधवार को लघु सचिवालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस समिति में एडीसी सह अध्यक्ष, सिविल सर्जन, पुलिस अधीक्षक, कृषि उप निदेशक, खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक, डीआईसी महाप्रबंधक शामिल रहे।

## एमडीयू की छात्रा ने गुजरात न्यायिक सेवा परीक्षा में हासिल किया 52वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


सोनाली चौहान ने इसे कड़ी मेहनत और समर्पण का फल बताया

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज़ (सीपीएएस) की एलएलएम की छात्रा सोनाली चौहान ने गुजरात न्यायिक सेवा परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया 52वीं रैंक प्राप्त की है।

एमडीयू-सीपीएएस के निदेशक प्रो. प्रदीप के. अहलावत ने सोनाली चौहान को न्यायिक सेवा में चयनित होने पर बधाई देते हुए कहा कि सोनाली की सफलता ने न केवल एमडीयू-सीपास का गौरव बढ़ाया है, बल्कि संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी है। उनकी यह उपलब्धि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रो. प्रदीप के. अहलावत ने लॉ कोऑर्डिनेटर डॉ. वीरेंद्र सिंधु और विधि विभाग के सभी शिक्षकों को भी बधाई दी और कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही विद्यार्थी इस तरह की उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एडमिशन के लिए 25 मार्च को प्रवेश परीक्षा

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शिक्षा सत्र में कक्षा छठी, 7वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले का शेडयूल जारी कर दिया गया है। प्राचार्या मंजू रानी ने बताया कि इन कक्षाओं में दाखिला लेने वाले को परीक्षा से गुजरना होगा। स्कूल में केवल छठी, 7वीं और 11वीं कक्षा में ही रिक्त सीटें हैं। इन कक्षाओं में दाखिला लेने के लिए 5 मार्च से रजिस्ट्रेशन आरम्भ हो चुका है। उप प्राचार्या सुशीला छिकारा ने बताया कि छठी और 7वीं कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा 25 मार्च को होगी। जबकि 11वीं कक्षा के विज्ञान और कामर्स संकाय में प्रवेश के लिए 2 अप्रैल तथा आर्टस के लिए 4 अप्रैल को परीक्षा होगी।

### जाखोदा में फंदा लगाने से युवती की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा में एक युवती का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आसौदा थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान करीब 21 वर्षीय संपति के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश मूल की संपति यहां परिवार सहित जाखोदा में रह रही थी। मंगलवार को परिवार के तमाम सदस्य काम पर गए हुए थे। शाम को लौटे तो संपति फंदे पर लटकी नजर आई। उसकी सांस थम चुकी थी। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### 138 ग्राम गांजे सहित एक आरोपी पकड़ा

**झज्जर।** नारकोटिक सेल की टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी निरीक्षक दिनकर ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना शहर क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि अरविंद निवासी कच्चा बेरी रोड शिव कॉलोनी नशीला पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में शिव कॉलोनी की गली के पास खड़ा हुआ है। एएसआई मुकेश कुमार की टीम ने उसे पकड़कर 138 ग्राम गांजा बरामद किया।

## सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के चालान करने के निर्देश

# नगर निगम की टीम ने बाजारों और सड़कों पर साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

- वार्डों में लगातार हो रहा निरीक्षण, 'नारी लीड्स स्वच्छता वीक' के तहत महिलाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए विभिन्न वार्डों, मुख्य बाजारों, प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर निगम की टीम द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, कचरा उठान व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया।

उन्होंने बताया कि संबंधित सफाई एजेंसियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई कार्य सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने या गंदगी फैलाने वालों के चालान भी किए जा रहे हैं। सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 'नारी लीड्स स्वच्छता वीक' के अंतर्गत गांधी कैंप स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को स्वच्छता के महत्व तथा स्वच्छता अभियान में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है और इसमें महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा क्षेत्र में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें लोगों को अपने आसपास का वातावरण साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में निगम का सहयोग करें ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## नेकीराम कॉलेज में कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को रोजगार-इंटर्नशिप योजनाओं के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्थानीय पंडित नेकीराम शर्मा (एनआरएस) राजकीय महाविद्यालय में 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' और 'प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना' पर व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केंद्र सरकार की नई रोजगारपरक योजनाओं और करियर के अवसरों के प्रति जागरूक करना था।

- 12 माह की इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को 5000 रुपये प्रतिमाह वजीफा भी मिलेगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मंडल रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश सांगवान उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को डीबीटी के माध्यम से 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। साथ ही नियोकताओं को भी प्रति कर्मचारी प्रति माह 3000 रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से देश में 3.5 करोड़ नए रोजगार अवसर सृजित करना है। डॉ. राजेश सांगवान ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत विद्यार्थी देश की 500 प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप कर सकते हैं। शीर्ष कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को 5000 रुपये प्रतिमाह वजीफा भी मिलेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सेक्टर-28 में श्री बालाजी हॉस्पिटल शुरू, लोगों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने किया शुभारंभ, महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज भी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर के सेक्टर-28 में स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन किया गया। अस्पताल का शुभारंभ रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर धर्मगुरु महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अस्पताल के स्टाफ को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज ने कहा कि इस क्षेत्र में लंबे समय से एक अच्छे अस्पताल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और अब इस अस्पताल के शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल के अध्यक्ष जेएस बूरा ने बताया कि यह अस्पताल समाज सेवा की भावना से शुरू किया गया है। उनका उद्देश्य कम खर्च में बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को भी उचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. हिमांशु बूरा ने बताया कि यहां बच्चों के रोग विशेषज्ञ डॉ. जय ओम डागर, लैब के लिए डॉ. नवीता डागर, जनरल मेडिसिन के लिए स्वयं डॉ. हिमांशु बूरा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि बूरा तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रोहित अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि पहरावर, ओमैक्स सिटी, फ्रेंड्स कॉलोनी और माजरा गढ़ी जैसे क्षेत्रों में इस प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा का अभाव था। ऐसे में यह अस्पताल आसपास के लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित होगा।

## विशेष आध्यात्मिक महोत्सव में देशभर से पहुंचे साधक

आश्रम सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आ रहा

# जीवन में संतुलन और मानसिक शांति के लिए अध्यात्म से जुड़ना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



समर्थगुरु धाम, मुरथल में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में आयोजित आध्यात्मिक महोत्सव में साधकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। महोत्सव में हरियाणा, पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में साधक अपने परिवारों के साथ पहुंचकर आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। आश्रम का वातावरण ध्यान, साधना और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आ रहा है। महोत्सव के दौरान ध्यान, साधना, कुंडलिनी क्रिया, अमृत सिद्धि योग और अन्य आध्यात्मिक सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में साधक बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और ध्यान की गहराई से जोड़ना है, ताकि वे जीवन में संतुलन और मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। महोत्सव की एक विशेषता यह भी है कि हर दिन हरियाणा, पंजाब, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आए साधक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हैं। गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से पूरा आश्रम उत्सवमय माहौल में डूबा रहता है। इसके साथ ही साधकों को समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया से माला दीक्षा लेने का भी अवसर मिलता है। भोजन के बाद साधक आपस में मिलकर भक्ति गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से आनंद साझा करते हैं, जिससे पूरे आश्रम में उल्लास और आध्यात्मिकता का अनोखा संगम देखने को मिलता है। आयोजकों के अनुसार यह विशेष आध्यात्मिक महोत्सव वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है, जिसमें देशभर से साधक भाग लेते हैं। इस बार भी महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## प्रदेश सरकार को भी पत्र भेजा

# सरसों की खरीद में घोटाला होने की आशंका : डॉ. लाठर

**रोहतक।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र लाठर ने सरसों की खरीद में भी धान खरीद की तरह ही घोटाला होने की आशंका जाहिर की है। घोटाले को रोकने के लिए इन्होंने सरकार को पत्र भी भेजा है। ध्यान रहे कि डॉ. लाठर ने मंडियों में कच्ची पर्ची के विरोध में चायिका दायर की थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे कि कच्ची पर्ची को बंद किया जाए।

- सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिएं

### 28 से होगी खरीद शुरू

सरसों खरीद को लेकर डॉ. लाठर ने कहा कि प्रदेश के मुख्य सचिव ने 3 मार्च को रबी सीजन फसलों की सरकारी खरीद की घोषणा की। जिसके अनुसार मसूर फसल की 20 मार्च और सरसों- गेहूं सहित बाकि रबी सीजन फसलों की सरकारी खरीद 28 मार्च से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। सरकार का यह निर्णय किसान विरोधी व अव्यावहारिक है, क्योंकि इस वर्ष सामान्य से 20 दिन जल्दी आयी गर्मी से 28 मार्च तक किसानों की 90 प्रतिशत सरसों मंडियों में पहले ही समर्थन मूल्य से कम पर बिक जाएगी। और बाकि फसलें भी सामान्य समय से एक पखवाड़ा जल्दी पक कर तैयार हो जाएगी। सरसों को कारोबार करने वाले व्यक्ति आढ़तियों के मार्फत किसानों से कम रेट पर सरसों की खरीद कर लेंगे। जब सरकारी खरीद होगी तो उसे किसानों के नाम पर सरकार को बेच दिया जाएगा। इसलिए सरकार ने सरसों की खरीद को लेकर कड़े कदम उठाने चाहिएं।

## साक्षी मलिक राजकीय कॉलेज में मुख्य वक्ता डॉ. राकेश बोले

# शारीरिक सीमाएं व्यक्ति की प्रतिभा व संभावनाओं को सीमित नहीं करती

- जीवन में सफलता के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में बुधवार को कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ तथा यूथ रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक एक्सटेंशन एवं मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विषय शारीरिक सीमाएं सफलता को परिभाषित नहीं करती रहा। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक से वाणिज्य विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राकेश कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। अपने प्रेरणादायक व्याख्यान में उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास सबसे महत्वपूर्ण होते हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि शारीरिक सीमाएं किसी भी व्यक्ति की प्रतिभा और संभावनाओं को सीमित नहीं कर सकतीं ।



**महम।** साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में विद्यार्थियों को संबोधित करते एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राकेश। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या मीनू नैन ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया तथा इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प, सकारात्मक सोच और निरंतर परिश्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि व्यक्ति की शारीरिक सीमाएँ उसकी क्षमताओं को सीमित नहीं करतीं, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और कड़ी मेहनत ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश भी दिया। इस मौके पर ईश्वर सिंह, सोनिया, डॉ विनोद कुमार, संदीप कुमार, अशोक कुमार, सुरेश कुमार, संदीप व रविंद्र समेत कॉलेज के विद्यार्थी व प्राध्यापक मौजूद थे।

## तीस साल से बाजार की परंपरा कायम

# सर्वसम्मति से दीपक पुनियानी बने किला रोड बाजार के प्रधान

- पूर्व प्रधान सुनील बोंटरा की अध्यक्षता में हुई बाजार के व्यापारियों की बैठक
- उप-प्रधान रह चुके हैं दीपक पुनियानी, पूर्व प्रधान जगदीश धींगड़ा के देहांत के बाद से खाली था पद



**रोहतक।** नए प्रधान दीपक पुनियानी का स्वागत करते दुकानदार।

**रोहतक।** शहर के सबसे व्यस्त बाजार किला रोड बाजार की 30 साल से चल रही परंपरा बुधवार को भी कायम रही। युवा कपड़ा व्यापारी दीपक पुनियानी को किला रोड ट्रेडर्स एसो का सर्वसम्मति से प्रधान चुनाहै। पुनियानी ने बाजार की मूलभूत समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया है। दो माह पूर्व प्रधान जगदीश का बीमारी के कारण देहांत हो गया था। तभी से पद खाली था। बुधवार को पूर्व प्रधान व एसो के सरप्रस्त सुनील की अध्यक्षता में दुकान पर बैठक हुई। बोंटरा ने बैठक में पूर्व उप प्रधान दीपक पुनियानी को सर्वसम्मति से प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में मौजूद सरप्रस्त श्याम मिनोचा, विशंभर लाल आहूजा, उप प्रधान ललित सुनेजा, उप प्रधान सुंदर सपड़ा, सोनू चावला, सुदेश खुराना व अन्य व्यापारियों ने समर्थन किया। पुनियानी ने कहा कि युवा व्यापारियों को साथ लेकर बाजार के विकास कार्यों को प्रमुखता से करवाया जाएगा।

# 35 हजार में करते थे भ्रूण लिंग जांच गाजियाबाद में छापा मारकर 2 दबोचे

## पांच केस होने पर भी नहीं सुधरा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग की एक टीम द्वारा गाजियाबाद में अवैध भ्रूण लिंग जांच मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि जिला समुचित प्राधिकरण को गत सप्ताह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गाजियाबाद के प्रताप नगर में अश्वनी नामक व्यक्ति झज्जर एवं आसपास के क्षेत्रों से आने वाली गर्भवती महिलाओं के भ्रूण की अवैध रूप से लिंग जांच करवाता है। इस पर कार्रवाई करते हुए नोडल अधिकारी, पीसीपीएनडीटी डॉक्टर संदीप कुमार नोडल अधिकारी, डॉक्टर बसंत कुमार दुबे, डॉक्टर नेहा त्यागी, विनोद कुमार, रजनेश, प्रदीप कुमार की एक विशेष टीम गठित की गई। इसमें पुलिस विभाग से कांस्टेबल रीतू, कांस्टेबल दीपक एवं कांस्टेबल धीरज भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक गर्भवती महिला तथा उसके पति को प्रलोभन ग्राहक बनाया गया। गुप्त सूचना के अनुसार दस मार्च सुबह टीम उनको लेकर प्रताप नगर गाजियाबाद पहुंच गई। गाजियाबाद टीम से नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा व नायब तहसीलदार उमेश त्यागी ने झज्जर टीम को ज्वाइन किया।

**कार्यक्रम** मदवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुख़र्जी ने किया संबोधित

# जीवन में लक्ष्य तय करके आगे बढ़ें विद्यार्थी

- समाज के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बी क्रिएटिव, बी इनोवेटिव, कम्यूनिकेट विद कॉन्फिडेंस, बी सेल्फ डिसिप्लिनड का मन्त्र देते हुए, जीवन लक्ष्य तय कर कड़ी मेहनत से योजनाबद्ध तरीके से करियर तथा जीवन लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुख़र्जी ने विवि के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया। मुख़र्जी ने विद्यार्थी जीवन को स्वर्णिम काल बताते हुए कहा कि सफल जीवन की बुनियाद विद्यार्थी काल में रखी जाती है। इस समय का सदुपयोग कर, बेहतर समय प्रबंधन कर, अपने अध्ययन और करियर संबंधित यात्रा को सार्थक दिशा दी जा सकती है। डिजिटल मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया का उपयोग पर्सनल करियर ब्रांडिंग हेतु करने का परामर्श उन्होंने दिया।




**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुख़र्जी,सीएमबीटी के निदेशक डॉ. हरि मोहन व अन्य प्रोफेसर। *फोटो :हरिभूमि*

### बुराइयों से बचें

विद्यार्थियों से सामाजिक सराकारों से जुड़ने, सामाजिक कुरीतियों का विरोध करने तथा सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की बात उन्होंने कही। इस अवसर पर रोहतक स्पेशल टास्क फोर्स यूनिट के इंचार्ज नरेंद्र पाल ने कानून का पालन करने वाला नागरिक कैसे बने विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करना चाहिए और समाज के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की और अपने सेवा अनुभवों के माध्यम से कानून और नैतिकता के महत्व को समझाया।

### नशा न करें

सीएमबीटी के निदेशक डॉ. हरि मोहन ने उत्कृष्टता प्राप्त करने के कौशल विषय पर बोलते कहा कि विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स विकसित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने, समस्या-समाधान क्षमता बढ़ाने और निरंतर ज्ञान अपडेट करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों, शिक्षकों व विशेषज्ञों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि हम स्वयं नशा नहीं करेंगे और न ही किसी अन्य को नशा करने देंगे। प्राध्यापक डॉ अमिता सुनेजा डांग, डॉ रश्मि भारद्वाज, डॉ अनिल कुमार समेत शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अजा-जनजाति नियुक्तियों का बैकलॉग पूरा करे सरकार: निम्बडिया

**रोहतक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष अड़ीचड निम्बडिया ने कहा है कि सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति के हजारों पदों की नियुक्तियों के बैकलाग को पूरा करे। उन्होंने जारी बयान में कहा कि पढ़े-लिखे हजारों शिक्षित युवा सड़कों पर घूम रहे हैं। बेरोजगारी व महंगाई तीव्र गति से बढ़ रही हैं। बजट 2026 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया। कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को भी समाधान नहीं हो पा रहा। काफी समय से कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम नहीं हो पा रहा। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। जिन कर्मचारियों का मानदेय भत्ता 6000, 11000, 12000, 15000, 20000 रूपये मासिक मिल रही है उन्हें भी सरकार बढाए क्योंकि इतने रूपये से परिवार का गुजारा होना मुश्किल है। ये मानदेय भत्ता मनोहर लाल पूर्व मुख्यमंत्री ने लागू किया था। ज्यादा महंगाई बढ़ने से इतने पैसों से कैसे गुजारा होगा। उन्होंने मांग की कि इन मानदेय भत्तों से कम 5000 रुपये की बढ़ोतरी करे।

### एमडीयू: पेंचक सिलाट के हुए रोचक मुकाबले

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में खेली जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेंचक सिलाट प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को रोचक मुकाबले हुए। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने अपने कौशल और दमदार प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। स्पर्धा का समापन शुक्रवार को होगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन अलग-अलग भार वर्गों में मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने तेज तकनीक, फुर्ती और आत्मरक्षा के शानदार दांव-पेच दिखाए। कई मुकाबले इतने कांटे के रहे कि विजेता का फैसला अंतिम क्षणों में हुआ। प्रतियोगिता में पूरे देश की यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी शामिल हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय के खेल विभाग के अधिकारी और कोच भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के साथ-साथ आत्मरक्षा की कला सीखने का भी अवसर देती हैं। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ी अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने के लिए पूरा दमखम लगा रहे हैं। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी कई महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें विजेताओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# शीतला माता मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़




**रोहतक।** शीतला माता मंदिर में लगे चैत्र मेले में बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं के यहां धूप-दीप जलाकर पूजा अर्चना करने का सिलसिला दिनभर चला। मंदिर के महंत थानेश्वर दास ने बताया कि चैत्र माह में प्रत्येक बुधवार को प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर में मेला लगता है। श्रद्धालुओं ने बासी मीठे चावल, गुलगुले पतासे का प्रसाद अर्पित किया और मंदिर के पास बने प्राचीन तालाब में से मिट्टी निकालने की परंपरा भी निभाई। करीब 400 साल पुराने इतिहास वाले इस प्राचीन मंदिर में शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मन्नत मांगी। *फोटो : हरिभूमि*

# महिला पुलिस थाना परिसर में लगा सोलर पावर सिस्टम

- नवज्योति इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा
- हर साल 30 हजार यूनिट बिजली उत्पादन की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



महिला पुलिस थाना में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। थाना परिसर की छत पर रूफटॉप सोलर पावर सिस्टम स्थापित किया गया है, जिसका औपचारिक हैंडिंग ओवर समारोह 11 मार्च को आयोजित किया गया। यह परियोजना नवज्योति इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से लागू की गई है और इसे कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत कंपनी द्वारा समर्थन दिया गया है।

समारोह में उप पुलिस अधीक्षक गुलाब सिंह, इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर विश्वास श्रृंगारपुरे और इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड के हेड अमोल भालेराव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सोलर सिस्टम की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया गया और सोलर इन्वर्टर को औपचारिक रूप से चालू किया गया। इसके साथ ही थाना प्रभारी निरीक्षक मीना को हैंडओवर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की समन्वयक निदेशक डॉ. चांदनी बेदी ने बताया कि यह रूफटॉप सोलर सिस्टम हर साल 30 हजार से अधिक यूनिट बिजली उत्पन्न करने में सक्षम है। इस प्रणाली के माध्यम से अगले 25 वर्षों में लगभग 500 मीट्रिक टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इसके साथ ही हर वर्ष लगभग 2.30 लाख रुपये की बिजली बचत भी संभव होगी, जिससे पारंपरिक बिजली ग्रिड पर निर्भरता कम होगी। नेट मीटरिंग सुविधा के कारण यह प्रणाली लंबे समय में बिजली के बिल को लगभग 100 प्रतिशत तक कम करने की क्षमता रखती है, हालांकि यह बिजली के उपयोग और मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्टेकहोल्डर चर्चा की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक गुलाब सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करती हैं।

## ब्लैक फिल्म, पटाखा साइलेंसर, बिना नंबर प्लेट वाहनों व लेन बदलने वालों पर कार्रवाई

# दो माह में 6293 वाहनों के चालान 1.15 करोड़ रुपये लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पिछले दो महीनों में 6293 वाहनों के चालान किए गए हैं और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से कुल 1 करोड़ 15 लाख 18 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



**रोहतक।** वाहन की जांच करते पुलिस कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### गलत लेन में वाहन चलाने वालों पर सख्ती

रोहतक में सड़क हादसों के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने गलत लेन में वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने एक दिन में ही लेन बदलकर वाहन चलाने वाले 181 चालकों के चालान किए। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि गलत दिशा और गलत लेन में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनता जा रहा है। इसलिए इस पर सख्ती बरतते हुए नियमित रूप से चेकिंग की जा रही है।

### कारणों का अध्ययन करने उतरे एसपी

सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को समझने के लिए पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया स्वयं सड़कों पर उतरे और यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कई वाहन चालक अपनी निर्धारित लेन में वाहन नहीं चलाते, जिसके कारण जाम और दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद पुलिस ने लेन अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया।

### चेकिंग अभियान चला नियम तोड़ने वालों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई

जिला पुलिस की ओर से चलाए गए इस विशेष अभियान में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती दिखाई गई। इसके साथ ही पुलिस ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की निगरानी के लिए एडिशनल एसपी वाईवीआर शशि शेखर को यातायात का नोडल अधिकारी बनाया गया है। पुलिस की टीमों ने शहर के प्रमुख चौकों, मुख्य सड़कों और हाईवे पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया।

### पटाखा साइलेंसर बन सकते हैं दुर्घटनाओं का कारण

यातायात पुलिस ने खास तौर पर ब्लैक फिल्म लगे वाहनों और बुलेट मोटरसाइकिलों पर लगाए गए पटाखा साइलेंसर के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार पिछले दो महीनों में 15224 ब्लैक फिल्म से जुड़े मामलों में कार्रवाई की गई, जबकि 179 बुलेट बाइक चालकों के चालान पटाखा साइलेंसर लगाने के कारण किए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे साइलेंसर न केवल शोर प्रदूषण फैलाते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं। इसलिए इन्हें जब्त करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### बिना नंबर प्लेट वाहनों पर भी कसा शिकंजा

चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे वाहन भी पकड़े गए जिन पर या तो नंबर प्लेट नहीं थी या हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के 485 वाहनों और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 167 वाहनों के चालान किए। इसके अलावा चार पहिया वाहनों के नंबर प्लेट से संबंधित 70 मामलों में भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 188 दोपहिया वाहनों और 179 ऑटो चालकों के भी चालान काटे।

### करीब 2100 चालकों को किया जागरूक

अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने करीब 2100 वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और लेन अनुशासन के बारे में जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने चालकों को समझाया कि वे निर्धारित लेन में वाहन चलाएं, ओवरस्पीड से बचें और ट्रैफिक संकेतों का पालन करें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक को नियमों का पालन करना चाहिए।



**रोहतक।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में भ्रमण करते जाट कॉलेज के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया आईएचएम का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में बुधवार को जाट कॉलेज के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संस्थान के विभिन्न विभागों का अवलोकन कराया गया तथा होटल प्रबंधन से जुड़े व्यावहारिक कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उद्यमिता विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रंजय सिंह, मैनेजर, एमएसएमई ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के अवसरों, स्वरोजगार तथा स्टार्ट-अप की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

- उद्यमिता विषय पर एक विशेष सत्र का किया आयोजन

### होटल उद्योग में करियर की विभिन्न संभावनाएं

संस्थान के प्राचार्य शम्भू नाथ गौतम तथा डॉ. श्वेता कुमार ने भी विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करते हुए होटल उद्योग में करियर की विभिन्न संभावनाओं से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान के सभी विभागों की कार्यप्रणाली से भी परिचित कराया गया। यह गतिविधि संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल, शेफ राजाराम तथा मीनाक्षी नांदल द्वारा संचालित की गई, जिन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रयोगशालाओं और प्रशिक्षण इकाइयों की कार्यप्रणाली का विस्तार से परिचय दिया। इस अवसर पर जाट कॉलेज, रोहतक से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जस्मेर सिंह, डॉ. विवेक डांगी, डॉ. शीशपाल, डॉ. संजीत तथा डॉ. मोनिका दहिया भी उपस्थित रहे।

- विद्यार्थियों को संस्थान के सभी विभागों की कार्यप्रणाली से भी परिचित कराया

### सूचना

मैं, सतीश पुत्र दलीप सिंह निवासी मकान नंबर- 730/1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विकी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### छोटूराम धाम में हो रहा कब्जे का प्रयास, चेयरमैन बदला पर नहीं करने दिया जा रहा पद ग्रहण: ट्रस्टी रोहतास

**रोहतक।** जसिया में सर छोटूराम धाम के लिए बनाए जाट सेवा संघ ट्रस्ट में विवाद बढ़ता जा रहा है। ट्रस्टी रोहतास हुड्डा ने आरोप लगाया कि कुछ लोग ट्रस्ट पर कब्जा करना चाहते हैं। मैना टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में पत्रकारों से बातचीत में रोहतास हुड्डा ने बताया कि 2016 में जाट आरक्षण आंदोलन जब हुआ तो धरने देकर पैसा एकत्रित किया गया था। उस दौरान करीब 2 करोड़ रुपए जमा हुए थे, जिसमें से 40 लाख रुपए ट्रस्ट में जमा किए गए। रोहतास हुड्डा ने बताया कि जाट सेवा संघ के पूर्व पदाधिकारी और अन्य लोग मिलकर ट्रस्ट पर कब्जा करना चाहते है। जबकि 23 में से 19 ट्रस्टियों ने मीटिंग करके गंगाराम श्योराण को चेयरमैन नियुक्त किया हुआ है, जिसे जाट सेवा संघ में पद ग्रहण करने नहीं दिया जा रहा।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
● हरियाणा सरकार
● आयुष्मान भारत
● ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान। सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

# एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में बच्चों ने मनाया फन-डे



**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में वार्षिक परीक्षाओं से पहले विद्यार्थियों के लिए विशेष फन-डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पढ़ाई के तनाव से राहत पाते हुए उत्साहपूर्वक विभिन्न मनोरंजक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण गतिविधि "नो-फायर कुकिंग" रही, जिसमें विद्यार्थियों ने बिना आग का उपयोग किए अपने हाथों से कई स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। बच्चों ने सैंडविच, फ्रूट चाट, भेल और स्प्राउट सलाद जैसे व्यंजन बनाकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने मिलकर अपने बनाए हुए व्यंजनों का आनंद लिया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने स्वावलंबन, स्वच्छता, टीमवर्क और संतुलित आहार के महत्व को भी समझा। विद्यालय के चेयरमैन जयपाल सिगरोहा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# सुपवा के विद्यार्थियों की अभिनीत वेबसीरीज 'जालिमपुर' आज 'चौपाल' पर होगी रिलीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के पूर्व छात्रों की अभिनीत वेबसीरीज जालिमपुर आज ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज होगी। 12 मार्च को रिलीज होने वाली इस वेबसीरीज में आशीष नेहरा व मुकेश मुसाफिर का दमदार अभिनय दर्शकों को नजर आने वाला है। वेबसीरीज जालिमपुर हरियाणवी पृष्ठभूमि पर आधारित है।

डीएलसीसुपवा के फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के एफसी महेश टीपी ने बताया कि जालिमपुर में हमारे पूर्व छात्र आशीष नेहरा व मुकेश मुसाफिर ने अभिनय किया है। आशीष नेहरा पटकथा व निर्देशन के पहले बैच 2011 के छात्र रहे हैं, जबकि मुकेश मुसाफिर अभिनय के 2012 बैच के पूर्व छात्र हैं। आशीष नेहरा व मुकेश मुसाफिर इससे पहले भी अपने अभिनय के दम पर विभिन्न फिल्म प्रोजेक्ट्स में काम करके अपनी पहचान बना चुके हैं। जालिमपुर के जरिये दोनों कलाकार हरियाणवी ओटीटी दर्शकों के सामने एक नई कहानी और दमदार अदाकारी के साथ दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने छात्रों पर गर्व है। उम्मीद है दोनों कलाकार भविष्य में भी अपने हुनर से डीएलसीसुपवा और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। डीएलसीसुपवा के पूर्व छात्र एवं अभिनेता आशीष नेहरा व मुकेश मुसाफिर ने कहा कि सुपवा में कोर्स के दौरान सीखी बारीकियां फिल्म इंडस्ट्री व असल जीवन में काम आ रही हैं। आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसके पीछे अपनी मेहनत के साथ सुपवा परिवार का भी अहम योगदान है।



- आशीष नेहरा व मुकेश मुसाफिर का दमदार अभिनय नजर आएगा

## महायज्ञ | चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति

# मनुष्य कभी ईश्वर नहीं हो सकता, लेकिन वह अपने श्रेष्ठ गुणों से अवश्य बन सकता है महान : बहन पूनम आर्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के गांव टिटौली स्थित स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ आश्रम में चल रहे बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति देखने को मिली। यज्ञ के उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन पूनम आर्या ने कहा कि मनुष्य कभी ईश्वर नहीं हो सकता, लेकिन वह अपने श्रेष्ठ गुणों से महान अवश्य बन सकता है। उन्होंने कहा कि जिसमें दया, धर्म, सत्य, चरित्र और आत्मबल नहीं है, वह वास्तविक अर्थों में मनुष्य भी नहीं कहलाने योग्य है। यज्ञ के ब्रह्मा स्वामी वेदप्रकाश सरस्वती ने कहा कि मानवता प्रकाश की उस पवित्र नदी के समान है जो सीमित से असीम की ओर निरंतर प्रवाहित होती रहती है। जो व्यक्ति निष्पाप, निष्कलंक, निडर, धार्मिक तथा मननशील होकर दूसरों के सुख-दुख को अपना सुख-दुख समझता है, वही सच्चे अर्थों में मनुष्य कहलाने का अधिकारी है। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के पुनर्जागरण की आवश्यकता पर बल दिया।




**रोहतक।** मुख्य वक्ता को सम्मानित करते आर्य समाजी। *फोटो : हरिभूमि*

### 13 को लगेगा रक्तदान शिविर

इस अवसर पर अलीगढ़ से पधारे स्वामी योगानंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज को सहनशीलता, संयम, सदाचार और सद्भाव की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों को अपनाकर ही एक स्वस्थ, सुसंस्कृत और आदर्श समाज का निर्माण संभव है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सकारात्मक भूमिका निभानी होगी। महायज्ञ की मुख्य संयोजक बहन प्रवेश आर्या ने बताया कि आज यज्ञ में अनेक श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर विश्व कल्याण की कामना की। आहुति डालने वालों में मास्टर नफे सिंह, डाक्टर प्रविन्द्र व सुमन, जगदीश चन्द्र व शशिबाला, पवन कुण्डू व बबीता, धर्मपाल भनवाला व अनीता, राजवीर कुण्डू व बिमला, अशोक कुण्डू व सुनीता, ईश्वर सिंह व सुमित्रा देवी, अजयपाल आर्य व प्रीति आर्या, पूनम आर्या, अन्तिम, अंकिता, पूजा, हिमांशी, काफी, रिया, शीतल, साक्षी, राजबाला सोनीपत, ईशवन्ती दिल्ली, निर्मला पानीपत, विवेकानंद शास्त्री व मनीषा भारती पाणिनि आर्य, जिले सिंह आर्य मनोज व रोशनी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महायज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर यज्ञ में आहुति दे रहे हैं और वैदिक संस्कृति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प ले रहे हैं। 13 मार्च को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुफ्त शिक्षा के लिए प्रदेश परीक्षा 25 मार्च को

**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट में आर्थिक रूप से कमजोर तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा सत्र वर्ष 2026 -27 मे एडमिशन के लिए कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा दसवी तक "प्रवेश परीक्षा फॉर्म" 1 मार्च 2026 से ट्रस्ट कार्यालय से वितरित किए जा रहे हैं। फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 है। "प्रवेश परीक्षा' 12 अप्रैल 2026, रविवार को सुबह 10 बजे ट्रस्ट की नई बिल्डिंग में होगी। कक्षा 3 और कक्षा 4 के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होगी इनका एडमिशन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा। ट्रस्ट में एडमिशन होने के पश्चात आर्थिक रूप से कमजोर तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को '' शिक्षण सामग्री'' जैसे कापी-किताब, स्कूल यूनिफार्म जुराब-जूते निशुल्क मिलेंगे।

### दांगी ने महम में सेक्टर बनाने की मांग उठाई

**महम।** महम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक बलराम दांगी ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा में महम क्षेत्र के लोगों की दो बड़ी मांग उठाई। बलराम दांगी ने कहा कि महम शहर में उत्तरी बाइपास न होने की वजह से सभी भारी वाहन शहर के बीच से गुजरते हैं। जिस कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। शहरवासियों का कहना है कि जिन वाहनों को गोहाना, पानीपत, लाखन माजरा, जुलाना व जींद की ओर जाना होता है तो वाहन चालकों के पास शहर के बीच से वाहन निकालने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता।

# 35° में ही बिजली निगम के फ्यूज उड़े

## जाने क्या होगा रामा रे... गर्मी के साथ बढ़ रही चिंता

### ओवरलोड के कारण रात 12:30 से 3:30 बजे तक सेक्टर-4 में ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़े

*बाबरा मोहल्ला, सेक्टर-1, सेक्टर-14 और देव कॉलोनी में दिनभर बिजली गुल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गर्मी की शुरुआत होते ही शहर में बिजली व्यवस्था की पोल खुलने लगी है। अभी तापमान करीब 35 डिग्री तक ही पहुंचा है, लेकिन बिजली निगम के ट्रांसफार्मर और लाइनें पहले ही जवाब देने लगी हैं।

मंगलवार रात सेक्टर-4 में ओवरलोड होने के कारण ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए, जिससे रात करीब 12:30 बजे से लेकर सुबह 3:30 बजे तक इलाके की बिजली सप्लाई ठप रही। इसके अलावा दिन के समय बाबरा मोहल्ला, सेक्टर-1, सेक्टर-14 और देव कॉलोनी में भी कई-कई घंटे बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



### जानें कॉलोनियों का हाल
### कई-कई घंटे आपूर्ति बाधित

दिन के समय भी शहर के कई इलाकों में बिजली की समस्या बनी रही। बाबरा मोहल्ला, सेक्टर-1, सेक्टर-14 और देव कॉलोनी में कई-कई घंटे बिजली गुल रही। इससे घरों में पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई, क्योंकि अधिकांश घरों में मोटर से पानी भरा जाता है। बिजली नहीं होने से लोगों को पीने के पानी तक के लिए इंतजार करना पड़ा। दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि बिजली कटने से कई काम प्रभावित हो गए।

### बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ने लगी

गर्मी के बढ़ते असर के साथ बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ने लगी है। शहर के कई इलाकों में एसी, कूलर और अन्य उपकरणों के अधिक इस्तेमाल से ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ गया है। इसी कारण सेक्टर-4 में आधी रात को ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए और बिजली आपूर्ति बंद हो गई। रात के समय बिजली कटने से लोगों की नींद खराब हो गई और गर्मी के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ी।

### ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रही है। कई बार बिजली आती-जाती रहती है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का खतरा बना रहता है। लोगों ने बिजली निगम से मांग की है कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए और पुराने उपकरणों को बदला जाए ताकि गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली कटौती की समस्या से राहत मिल सके।

### व्यवस्था बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे

बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़े थे, जिन्हें रात में ही ठीक कर दिया गया था और सुबह तक बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई। अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं और जहां भी समस्या सामने आएगी, वहां तुरंत समाधान किया जाएगा।

### गर्मी आते ही बिजली संकट

स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी अभी शुरू ही हुई है और यदि 35 डिग्री तापमान में ही बिजली व्यवस्था इस तरह जवाब देने लगी है तो आने वाले दिनों में जब तापमान 45 से 50 डिग्री तक पहुंचेगा, तब हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि बिजली निगम को पहले से ही व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए थी, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी गर्मी आते ही बिजली संकट सामने आने लगा है।

### आश्वासन से काम नहीं चलेगा

हालांकि लोगों का कहना है कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा। गर्मी के दिनों में बिजली की मांग कई गुना बढ़ जाती है, इसलिए पहले से ही तैयारी जरूरी है। यदि समय रहते ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों की क्षमता नहीं बढ़ाई गई तो आने वाले दिनों में बिजली संकट और गहरा सकता है। हर साल गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही शहर में ट्रांसफार्मर फुंकने और ओवरलोड की समस्या सामने आती है। इस बार भी शुरुआती गर्मी में ही ऐसी घटनाएं होने लगी हैं, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है।

### सेक्टर-4 एक्सटेंशन स्थित क्लब से एसी पार्ट्स इन्वर्टर बैटरी व अन्य सामान हुआ था चोरी

# वारदात में शामिल तीसरा आरोपी किया गिरफ्तार




*शिकायत के आधार पर थाना अर्बन एस्टेट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई*

### पुलिस चोरी किए गए सामान की बरामदगी में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने सेक्टर-4 एक्सटेंशन स्थित जिमखाना क्लब में हुई चोरी की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस के थाना अर्बन एस्टेट प्रभारी उप निरीक्षक कमलजीत सिंह ने बताया कि रोहतक निवासी मयंक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मयंक सेक्टर-4 एक्सटेंशन स्थित एसएसवीपी जिमखाना क्लब में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को जिमखाना क्लब से 20 एसी के आउटर यूनिट के अंदर के पार्ट्स, 4 गैस सिलेंडर, कॉपर व लोहे का सामान, 6 इन्वर्टर बैटरियां तथा अन्य सामान चोरी हुआ पाया गया। शिकायत के आधार पर थाना अर्बन एस्टेट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच मुख्य सिपाही सुनील द्वारा की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 10 मार्च को वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मुन्ना पुत्र लाल बहादुर निवासी गांव दुबलिया जिला गोपालगंज (बिहार), हाल निवासी गोपाल कॉलोनी रोहतक के रूप में हुई है।

### दो पहले पकड़े

इस चोरी की वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी आर्यन और अंकित को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और चोरी किए गए सामान की बरामदगी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में आयोजित व्याख्यान में मौजूद प्रोफेसर व विद्यार्थी।

# शोध में आंकड़ों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण का बताया महत्व



रोहतक। आयोजित व्याख्यान को सम्बोधित करते डीसीआर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीक्रस्ट) मुरथल सोनीपत की प्रोफेसर अमिता मलिक ।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में आयोजित सात दिवसीय शोध कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा शोध से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रस्तुत की। इन सत्रों में शोधार्थियों और प्रतिभागियों को आंकड़ा विश्लेषण, शोध प्रस्ताव लेखन, आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों तथा शैक्षणिक ईमानदारी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। पहले सत्र में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के प्रो. प्रमोद कुमार ने ओरिजिन सॉफ्टवेयर की सहायता से आलेखीय निरूपण एवं विश्लेषण विषय पर जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को वैज्ञानिक शोध में आँकड़ों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण के महत्व के बारे में बताया। अपने व्याख्यान में उन्होंने मूल स्रोत सॉफ्टवेयर की सहायता से विभिन्न प्रकार के आलेख (ग्राफ) तैयार करने, आँकड़ों का विश्लेषण करने तथा शोध परिणामों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। दूसरे सत्र में डीसीआर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीक्रस्ट) मुरथल सोनीपत की प्रोफेसर अमिता मलिक ने शोध प्रस्ताव लेखन विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने एक प्रभावी शोध प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया, शोध समस्या की स्पष्टता, उद्देश्य निर्धारण, साहित्य समीक्षा तथा शोध पद्धति के सही चयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि एक सुदृढ़ और सुव्यवस्थित शोध प्रस्ताव किसी भी सफल शोध कार्य की आधारशिला होता है।

# एलसीएलओ कर्मी का ऐलान 23 को घेरेंगे सीएम आवास

**रोहतक।** हरियाणा में एलसीएलओ कर्मचारियों और सरकार के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। पिछले साढ़े पांच महीनों से कुरुक्षेत्र में धरने पर बैठे कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन ने 23 मार्च शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र के पीपली स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का ऐलान किया है। यूनियन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रोहित धानिया ने बताया कि यूनियन ने आर-पार की लड़ाई का निर्णय लिया है। यदि इसके बाद भी सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती तो करीब चार हजार एलसीएलओ कर्मचारी, उनके परिवार और रिश्तेदार आगामी चुनावों में मतदान नहीं करेंगे और चुनावों का बहिष्कार करेंगे। रोहित धानिया ने बताया कि यह विवाद पदनाम बदलने और वेतन न मिलने से जुड़ा है।

# 12वीं कंप्यूटर साइंस की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**रोहतक।** रियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को करवाई गई 12वीं कक्षा की कंप्यूटर साइंस विषय की बोर्ड परीक्षा जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिला में कंप्यूटर साइंस की परीक्षा में 432 विद्यार्थियों में से 423 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 9 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उडऩदस्ते गठित किए हैं व डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहे

पुलिस ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीईएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। जिला में बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

*नगर निगम आयुक्त ने बैठक में अधिकारियों व एजेंसियों को दिए सख्त निर्देश*

# कचरा अलग-अलग न देने वालों पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

### सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



रोहतक। सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और सफाई एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है और सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयुक्त ने बताया कि विशेष बैठक आयोजित कर सभी वार्डों में नियमित सफाई कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि कचरे का समय पर उठान हो और किसी भी क्षेत्र में कूड़ा जमा न रहने पाए। सफाई एजेंसियों को भी निर्धारित समय के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर में गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग देना बेहद जरूरी है। नगर निगम द्वारा पहले ही इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जा चुका है और टीमें घर-घर जाकर भी नागरिकों को इसके लिए प्रेरित कर चुकी हैं। अब यदि कोई व्यक्ति गीला और सूखा कचरा अलग-अलग नहीं देगा तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि घर-घर से कूड़ा संग्रहण के दौरान निगरानी रखी जाएगी और नियमों का पालन न करने वाले घरों को चिन्हित कर चालान किए जाएंगे। साथ ही यदि किसी क्षेत्र में सफाई कार्यों में लापरवाही पाई गई तो संबंधित एजेंसी और अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में नगर निगम का सहयोग करें और कचरा इधर-उधर न फेंकें।

# बीडीपीओ कार्यालय रोहतक पहुंचे पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार



रोहतक। बीडीपीओ कार्यालय में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का स्वागत करते ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशीराम हुड्डा व अन्य सदस्य।

**रोहतक।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को अचानक बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गांवों में चल रही विकास योजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था और पंचायतों से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है, इसलिए सभी योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारना ही विभाग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोहतक पहुंचे मंत्री का ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशीराम हुड्डा ने स्वागत किया। यहीं बैठकर दोनों के बीच विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि जो बजट बचा हुआ है, उसे 31 मार्च से पहले विकास कार्यों पर खर्च करें। बजट लेप्स नहीं होना चाहिए।

### बैठक में इन मुद्दों पर मंथन

बैठक में पंचायत भवनों के निर्माण, गलियों और नालियों के विकास, पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। पंवार ने कहा कि पंचायत विभाग की योजनाओं का सीधा लाभ गांव के लोगों तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को फील्ड में जाकर काम की गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए और जहां भी कमी मिले उसे तुरंत दुरुस्त किया जाए। इस दौरान विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## आरडब्ल्यूए की शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई, लोग परेशान

# फाइबर तारों के जाल में उलझ रहे लोग, जान का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में इंटरनेट और फाइबर नेटवर्क कंपनियों द्वारा बिछाई गई तारें अब आमजन के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही हैं। जगह-जगह फाइबर कंपनियों के कर्मचारी पुरानी या खराब तारों को खंभों से उतारकर सड़क किनारे ही फेंक देते हैं। इन लापरवाही भरे हालातों के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या किसी एक इलाके तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। सड़कों और गलियों में पड़ी फाइबर की तारें पैदल चलने वालों और वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई हैं। कई बार सड़क या गली में पड़ी ये तारें दोपहिया वाहनों के स्टैंड या टायर में उलझ जाती हैं, जिससे बाइक चालक अचानक संतुलन खो बैठता है और गिरकर घायल हो जाता है। खासकर रात के समय या भीड़भाड़ वाले इलाकों में यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार बच्चे खेलते समय भी इन तारों में उलझ जाते हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। कई रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) ने इस समस्या को लेकर संबंधित विभागों और प्रशासन से शिकायत भी की है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी न तो कंपनियों पर कार्रवाई हो रही है और न ही इन तारों को हटाया जा रहा है।

■ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई

### कुछ जगह तार हटाने पर स्थानीय लोगों से हो चुका विवाद

कुछ मामलों में जब संबंधित कर्मचारी खंभों से तारें हटाने आते हैं तो स्थानीय निवासी उन्हें रोक देते हैं या धमका देते हैं। ऐसे में कर्मचारी कई बार तारों को अपने साथ ले जाते हैं, लेकिन कई बार उन्हें वहीं पर छोड़कर चले जाते हैं। इससे समस्या और बढ़ जाती है। प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कंपनियों पर सख्ती करनी चाहिए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जो भी फाइबर कंपनियां शहर में केबिल बिछा रही हैं, वे खराब या बेकार तारों को तुरंत हटाएं ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी या हादसे का सामना न करना पड़े।


### कई बार हादसे से बचा



सावन कुमार

कई बार वह खुद इन तारों की वजह से हादसे का शिकार होते-होते बचा है। रात के समय सड़क पर पड़ी तारें दिखाई नहीं देतीं। एक बार मेरी बाइक के स्टैंड में तार उलझ गई थी और मैं गिरते-गिरते बचा। अगर समय रहते ब्रेक नहीं लगाया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### लंबे समय से समस्या



यश जांगड़ा

यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। हमारी कॉलोनी में कई जगहों पर फाइबर की पुरानी तारें पड़ी रहती हैं। कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। कंपनियों को काम खत्म होने के बाद तारों को तुरंत हटाना चाहिए।

### शहर के इन इलाको में बनी है समस्या

शहर के रामगोपाल कॉलोनी, देव कॉलोनी, सेक्टर एक, बंसत विहार, निर्मल विहार, कबीर कॉलोनी, प्रेम नगर, सेनीपुरा, पाडा मोहल्ला, सलारा मोहल्ला, डीएलएफ कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, चमनपुरा, मॉडल टाउन, समेत अन्य इलाकों में यह समस्या बनी हुई है।